# सभी विषयों का सम्यक ज्ञान जरुरी है— मा0 प्रधानाचार्य

**देवरिया।।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया में विद्या भारती परम्परा के अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आज गोष्ठी के दूसरे दिन कक्षा दशम के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कक्षा दशम मे पढ़ने वाले छात्रों के माता पिता व अभिभावको ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी का प्रारम्भ प्रातः 8.15 पर सरस्वती वन्दना से हुआ। मंचासीन अतिथियों में विद्यालय प्रबन्ध समति में प्रबन्धक श्री मुन्नीलाल शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि श्री अवनीश शुक्ला व अभिभाविका प्रतिनिधि श्रीमती रंजीता मिश्रा उपस्थित रही। अतिथि परिचय एवं गोष्ठी की परिकल्पना व संचालन आचार्य श्री विश्वजीत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में अनेक अभिभावकों ने अपने पाल्य के पठन—पाठन व विद्यालय के अनुशासन, व्यवस्था आदि को लेकर अपने विचार व सुझाव रखें जिसका विद्यालय के प्रबन्धक श्री मुन्नीलाल शर्मा ने अनुमोदन एवं उन्हे ठीक करने का आश्वासन दिया।

गोष्ठी में अभिभावकों के सवालों के जबाब देते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह ने कहा कि अभिभावक विद्यालय एवं छात्र के बीच की कड़ी होता है जो छात्र की कमियो को बताता है तथा विद्यालय उन्हे ठीक करने का प्रयास करता है। उन्होने कहा कि आज का समय बहुत खराब चल रहा है ऐसे मे छात्र के पठन—पाठन व उनके भविष्य संवारने की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है । यदि माता पिता का विद्यालय में आना जाना है तो इसका प्रभाव छात्र पर पड़ता है वह और भी सर्तक होकर पढ़ाई करता है इसलिये विद्या भारती योजना में आचार्य गृह सम्पर्क एव विद्यालयों में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जाता है जिससे की छात्र की घर पर पढ़ाई व कमजोरियों को जान कर उन्हें ठीक किया जा सके।

इस अवसर पर अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। जिससे कि अभिभावक अपने पाल्य का परीक्षा परिणाम व उनकी कापियों का अवलोकन भी कर सके।

गोष्ठी में आचार्य श्री विनोद मिश्र, हरिनाथ त्रिपाठी चन्द्र प्रकाश सिंह, प्रेम विकास तिवारी, नितिन श्रीवास्तव, देवेन्द्र प्रजापति सहित कक्षा दशम के कक्षाचार्यगण एवं बड़ी संख्या अभिभावकगण उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य